आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 17.08.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं–लोगों से भारत में बने उत्पादों को खरीदने का आग्रह किया
- निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया–उसके लिए सभी राजनैतिक दल समान–आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा–ऑफ सीज़न के दौरान भी पर्यटन उद्योग को गति देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध
- प्रदेशभर में नंदोत्सव की धूम–भाद्र कृष्ण पक्ष की नवमी पर लोकदेवता गोगाजी की पूजा अर्चना की गई

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' पर ज़ोर देते हुए लोगों से भारत में बने उत्पादों पर भरोसा करने और उन्हें खरीदने का आग्रह किया हैं आज नई दिल्ली में लगभग 11 हज़ार करोड़ रुपये की दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार, देशवासियों के लिए दोहरा लाभ लेकर आएंगें श्री मोदी ने कहा उनकी सरकार के लिए सुधार का अर्थ सुशासन का विस्तार हैं उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का निरंतर प्रयास लोगों के जीवन को आसान बनाना हैं

.............

गौरतलब है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा और यात्रा में सुगमता के साथ समय में कमी आएगीं इससे दिल्ली के अंदर और बाहरी क्षेत्रों के साथ–साथ व्यस्त स्थानों पर यातायात सुगम हो जाएगां

000

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि उसके लिए सभी दल समान हैं और वह राजनैतिक दलों के बीच कोई भेदभाव नहीं करतां आज नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगां मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग बिना किसी भेदभाव के गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिलाओं और युवाओं सहित सभी वर्गों और सभी धर्मों के मतदाताओं के साथ निडरता से खड़ा रहेगां

.............

हाल ही में कांग्रेस सहित कुछ राजनैतिक दलों द्वारा मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के आरोप पर श्री कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान एक करोड़ से ज़्यादा सरकारी कर्मचारी, 10 लाख से ज़्यादा बूथ–स्तरीय एजेंट और उम्मीदवारों के 20 लाख से ज़्यादा पोलिंग एजेंट इस प्रक्रिया का हिस्सा थें उन्होंने कहा कि इतनी पारदर्शी प्रक्रिया और इतने सारे लोगों के बावजूद वोट चुराना संभव नहीं हैं मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता सूचियों में त्रुटियों पर अपनी आपत्ति निर्धारित प्रारूप में दर्ज करवाने का दलों से आग्रह कियां

000

भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड की आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में बैठक चल रही हैं इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित संसदीय बोर्ड के सदस्य भाग ले रहे हैं बैठक में उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा की संभावना हैं

000

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज डीग में जनसुनवाई कीं इस अवसर पर उन्होंने जिले में नहरबंदी के बाद स्वच्छ जल आपूर्ति, पीएम आवास योजना, पेंशन सत्यापन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े मामलों पर लोगों के परिवाद सुनें

उन्होंने जिले में जर्जर भवनों में स्कूल नहीं चलाने और उनकी रिपोर्ट देने के अधिकारियों को निर्देश दियें उधर, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने भी आज पाली के सुमेरपुर में जनसुनवाई कीं उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक नागरिक की बात को प्राथमिकता के साथ सुनने और उसका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं

000

कोटा में आज समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले 34 विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किये गयें वितरण समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य के साथ संवेदनशीलता के साथ काम कर रही हैं शिक्षा मंत्री ने विशेष योग्यता वाले लाभार्थी बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि सरकार हर विद्यार्थी के साथ खड़ी हैं

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश में ऑफ सीजन के दौरान भी पर्यटन उद्योग को गति देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध हैं उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में भी पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने के लिए नवाचार किये जा रहे हैं आज भीलवाड़ा के गुलाबपुरा में पर्यटन विभाग, महिला बाल विकास और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में उपमुख्यमंत्री ने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि वे ऐसी ही बैठकें हर जिले में लेंगी, जिससे वास्तविक स्थिति सामने आ सकें

.............

उपमुख्यमंत्री ने बारिश के दौरान टूटी सड़कों, क्षतिग्रस्त भवनों और दूसरी समस्याओं के प्रति स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अधिकारियों को अवगत कराने को कहां उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में नियमित मॉनिटरिंग करने और गुणवत्तापूर्ण तथा समय पर काम नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के भी निर्देश दियें

000

जन्माष्टमी के दूसरे दिन आज प्रदेशभर में नंदोत्सव की धूम रहीं कृष्ण मंदिरों में भगवान के जन्म की झांकियां सजाई गईं और न्यौछावर उछाली गईं इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया और पंचामृत प्रसादी का वितरण किया गयां ब्रज से लगते भरतपुर और डीग जिलों में आधी रात भगवान के जन्म के बाद से ही उल्लास का माहौल बना रहां श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के प्रति आस्था को प्रकट करते हुए छैल लुटाई और दान पुण्य कियें

जयपुर के गोविंददेवजी, करौली के मदन मोहन जी और सभी छोटे–बड़े मंदिरों में दिनभर नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल के जयकारों से माहौल गुंजायमान रहां नाथद्वारा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में मनाए गए नंदोत्सव में बड़ी संख्या में देश के कोने–कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने दूध, दही और कैसर का छिड़काव कर परम्परागत होली खेलीं

.............

इस बीच, जयपुर में आज कृष्ण जन्मोत्सव के दूसरे दिन पारम्परिक शोभा यात्रा निकाली जा रही हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शोभा यात्रा को आरती कर रवाना कियां

000

भाद्र माह के कृष्ण पक्ष की नवमी पर आज प्रदेशभर में लोक देवता गोगाजी जी की पूजा अर्चना की जा रही हैं गोगा नवमी के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर मेले भी भर रहे हैं हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी में आयोजित मेले में राजस्थान और आस–पास के राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचें वहां आज मुख्य मेले में गोगाजी की समाधि पर धोक लगाने के लिए तड़के से ही भक्तों की भारी भीड़ बनी रहीं जिला प्रशासन की और से व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किये गएं

उधर, चूरू जिले के ददरेवा में भी आज भरे मुख्य मेले में शामिल होने बड़ी संख्या में जातरू पहुंचें हमारे संवाददाता ने बताया कि देश के कोने कोने से आए भक्तों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर मनोतियां मांगीं

.............

000

सिरोही जिले के आबूरोड़ में आज प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्थान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय हॉफ मैराथन आयोजित हुईं शांतिवन परिसर से माउंट आबू तक आयोजित दौड़ में करीब साढे तीन

हजार धावकों ने भाग लियां संस्थान के प्रवक्ता बी.के. कोमल ने बताया कि दौड़ के जरिए स्वस्थ जीवन और नशा मुक्त समाज का संदेश दिया गयां

.............

000

श्रीगंगानगर से जगन्नाथपुरी के लिए आज साप्ताहिक रेल सेवा की शुरूआत हुईं ये रेलगाड़ी हर रविवार को रवाना होकर बुधवार को पुरी पहुंचेगीं वापसी में ये गाड़ी बुधवार को श्रीगंगानगर के लिए रवाना होगीं पहले ये रेलसेवा बीकानेर से पुरी के बीच ही संचालित थीं

000

प्रदेश के ज्यादातर भागों में इस महीने अब तक मॉनसून की रफ्तार सुस्त बनी हुई हैं अगस्त का पहला पखवाड़ा गुजर जाने के बाद भी रिमझिम वर्षा को छोड़ बारिश की गतिविधियों में कमी देखी जा रही हैं मौसम विभाग के अनुसार अगले 3–4 दिनों में उदयपुर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में कहीं–कहीं बारिश की संभावना हैं विभाग के अनुसार इस महीने के आखिरी सप्ताह में बंगाल की खाड़ी में मानसूनी तंत्र बनने से राज्य के अधिकांश भागों में मानसून सक्रिय होने और बारिश की गतिविधियों में फिर बढ़ोतरी के आसार हैं

000